फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)मुकाम–सिरोही(राज.)

प्रार्थीगण | **अप्रार्थी**

1 नोनाराम पुत्र भूता जी जाति मेघवाल निवासी पोसीतरा तहसील व जिला सिरोही — बनाम — 1.स्टेट, जरिये तहसीलदार, सिरोही

किस्म मुकदमा
राजस्व प्रा.पत्र अ.धारा 136 एल.आर एक्ट

रा.प्रा.पत्र सं. 70 / 2024

दिनांक	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
14–07–25	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर वकील श्री कलीम अव्वल व स्टेट की ओर से पेरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थी स्टेट ने जरिये पत्रांक/कोर्ट/2025/462 दिनांक 12–06–2025 से प्रस्तुत जवाब को शामिल पत्रावली की गई, प्रति वकील प्रार्थी को उपलब्ध करवाई गई। तहसीलदार सिरोही से प्राप्त जवाब अनुसार ग्राम पोसीतरा पटवार हल्का सनपुर तहसील व जिला सिरोही में जमाबंदी के अनुसार वर्तमान में खाता संख्या 75 किता 18 रकबा 14.37 हेक्टेयर की कृषि भूमि स्थित है। उपरोक्त वर्णित आराजी में प्रार्थी का 1/6 हिस्सा राजस्व रेकर्ड में दर्ज है। राजस्व जमाबंदी खाता में प्रार्थी का नाम नेतीया पुत्र भूता जी भांबी दर्ज है। प्रार्थी के वास्तविक नाम बाबत ग्राम पोसीतरा में मोजिज व्यक्तियों से पूछने पर बताया गया कि नोनाराम व नेतीया पुत्र भूताराम दोनों एक व्यक्ति के नाम है अन्य कोई इस नाम से ग्राम में निवास नहीं करता है। संलग्न दस्तावेजों आधारकार्ड, मतदान पत्र, पहचान पत्र के आधार पर प्रार्थी का नाम नोनाराम पुत्र भूताराम है। जमाबंदी खाता संख्या 75 में नेतीया पुत्र भूताराम जाति भांबी की जगह नोनाराम पुत्र भूताराम मेघवाल दर्ज किया जाना उचित है। प्रकरण में वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार द्वारा अंतिम बहस हेतु निवेदन पर वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार की अंतिम बहस सुनी गई। हमने वकील प्रार्थी व परोकार सरकार की अंतिम बहस का गंभीरता पूर्वक मनन किया, विचरण प्रकरण की सम्पूर्ण पत्रावली व दस्तावेजात व स्टेट द्वारा प्रस्तुत जवाब का भी गहनतापूर्वक अवलोकन कर उस पर मनन किया । सम्पूर्ण प्रकरण के विवेचन के उपरान्त प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र अधारा 136 एल.आर एक्ट का तहसीलदार से प्राप्त जवाब के आधार पर स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सिरोही को आदेश दिया जाता है कि ***प्रार्थी के ग्राम पोसीतरा पटवार हल्का सनपुर तहसील व जिला सिरोही में जमाबंदी के अनुसार वर्तमान में खाता संख्या 75 किता 18 रकबा 14.37 हेक्टेयर में नेतीया पुत्र भूताराम जाति भांबी की जगह नोनाराम पुत्र भूताराम मेघवाल संशोधन कर*** उक्तानुसार राजस्व रेकर्ड जमाबंदी अपडेट कर पालना से इस न्यायालय को अवगत करावें। लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.) सिरोही लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (उपखण्ड अधिकारी) सिरोही (राज.)	

न्यायालय लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर ★ सिरोही (राज.)